https://universitynews.in/

**Total No. of Pages: 04** **[Total No. of Questions: 05]**

**3388**

# B.A. (Part - I) Examination - 2022
## (For Non-Collegiate Candidates with names beginning from N to Z)
## (Compulsory Paper)
## GENERAL HINDI
## (सामान्य हिन्दी)

*Duration of Examination: 1½ Hrs.* *Max. Marks: 50*
*परीक्षा की अवधि: 1½ घण्टा* *पूर्णांक: 50*

***Instructions to the Candidates:***
***परीक्षार्थी के लिए निर्देश:-***

परीक्षार्थीगण सम्पूर्ण प्रश्नपत्रों में से 50 प्रतिशत अंक के प्रश्नों के उत्तर देवें। परीक्षार्थी द्वारा किन्हीं कारणों से 50 प्रतिशत अंकों से ज्यादा उत्तर देने की स्थिति में परीक्षक द्वारा उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन 50 प्रतिशत अंकों से ही किया जायेगा।

1. निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए -

भारतीय दृष्टि यह है कि पर्यावरण किसी भी स्तर पर हमारा शत्रु नहीं है, बल्कि उससे तमाम स्तरों पर प्राणी और पदार्थों की पारस्परिक निर्भरता का एक सामंजस्यपूर्ण संसार है और उसके साथ संतुलन बनाए रखने से ही मनुष्य सुखी, शांत और सन्तुष्ट रह सकता है। इसके लिए प्रकृति अथवा पर्यावरण का शोषण, दमन और उपभोग करने की अपेक्षा उससे सहयोग और उसका उपयोग करना ही भारतीय दृष्टि से पर्यावरण के साथ सहज और स्वाभाविक सम्बन्ध की स्थापना करना है। हमारी दृष्टि यह है कि तमाम जगत् जगदीश्वर का शरीर है। (10)

**अथवा**

सुसंग की पहचान यह है कि वहाँ तुम्हें प्रेम, सद्भाव, सहयोग, एकता, त्याग आदि का पाठ पढ़ाया जायेगा। वहाँ व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की शिक्षा प्राप्त होगी। अपकार के बदले उपकार करने की प्रेरणा मिलेगी। सुसंग सांसारिक उपलब्धियों का महत्व स्वीकार करते हुए भी गलत ढंग से उनको प्राप्त करने की मानसिकता पर प्रहार करेगा। सुसंग सांसारिक उन्नति की अपेक्षा आध्यात्मिक उन्नति पर ध्यान देगा।

2. 'ग्रामोत्थान' शीर्षक निबन्ध में लेखक नाना जी देशमुख ने गाँवों की किन समस्याओं का चित्रण किया है? विस्तार से समझाइये।

**अथवा**

महादेवी वर्मा का संस्मरणात्मक रेखाचित्र 'लछमा' का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। (15)

3. 'अग्नि की उड़ान' निबन्ध में ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की आत्मकथा के अंश को अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

'ये है प्रोफेसर शशांक' रचना में शशांक के व्यक्तित्व की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (15)

4. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए- (4)

1. वाहन 2. उपयुक्त 3. आधीन 4. प्रदर्शिनी 5. भागीरथ 6. अभ्यार्थी



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



(आ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए- (4)

1. जज ने उसे मृत्यु दण्ड की सजा दी।
2. इसके बाद फिर क्या हुआ ?
3. तुम वापस लौट जाओ।
4. गुलामी की दासता बुरी है।
5. सारे देश भर में यह बात फैल गई।
6. यह कैसे संभव हो सकता है ?
7. यहाँ पर शुद्ध गाय का घी मिलता है।

(इ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार पारिभाषिक शब्दों का अर्थ लिखिए :- (4)

| | |
|---|---|
| 1. OATH | 2. ATTEST |
| 3. LEGAL | 4. PETITION |
| 5. GAZETTE | 6. MAJORITY |

(ई) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्द युग्मों का अर्थभेद स्पष्ट लिखिए- (4)

1. अनिल-अनल
2. अपकार-उपकार
3. कोस-कोष
4. शुक्ल-शुल्क
5. सुत-सूत
6. गृह-ग्रह

(उ) निम्नलिखित में से किसी एक उक्ति का पल्लवन कीजिए- (4)

1. जब तक सांस तब तक आस
2. आचरण सज्जनता की कसौटी है।
3. करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान।

(ऊ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार वाक्यांशों के लिए एक सार्थक शब्द लिखिए। (4)

1. वह पुत्र जिसे गोद लिया गया हो।
2. जो पढ़े जाने के योग्य नहीं।
3. जिसका वर्णन न किया जा सके।
4. जिसको देश से निकाल दिया गया हो।
5. किसी से भी जिसकी तुलना न की जा सके।

P.T.O.



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



(ए) अधिसूचना का प्रारूप तैयार कीजिए। (4)

**अथवा**

किसी एक कार्यालयी पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए।

(ऐ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों की संधि विच्छेद करते हुए संधि का नाम लिखिए। (4)

1. रामायण
2. जगदीश
3. सुरेश
4. दुश्शासन

(ओ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो सामासिक पदों का विग्रह कर उनमें निहित समास का नामोल्लेख कीजिए- (4)

1. राजमाता
2. लेखा-जोखा
3. यथावसर
4. पीताम्बर
5. नीलकण्ठ

(औ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग करें। (4)

1. राई का पहाड़ बनाना
2. ऊँट के मुँह में ज़ीरा
3. चिकना घड़ा
4. श्री गणेश करना

(अं) निम्नलिखित में से किन्हीं दो उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए- (2)

1. अधि
2. उप
3. चिर
4. परि

(अः) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाइये। (2)

1. इक
2. ना
3. अक्कड़
4. गार



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



(क) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (4)

1. दुर्जन
2. क्षणिक
3. ज्ञेय
4. उन्मुख
5. नश्वर
6. विशिष्ट

(ख) निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण कीजिए: (4)

विश्वविद्यालय की कई महिमा रही है, शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा शेष रहा है नालंदा का। दस हजार विद्यार्थी और पन्द्रह सौ आचार्य थे। बौद्धदर्शन, इतिहास, वेद, हेतु विद्या, न्याय शास्त्र, व्याकरण, चिकित्सा शास्त्र, ज्योतिष आदि के शिक्षण की व्यवस्था इस विश्वविद्यालय में थी। कई विख्यात आचार्यों का नाम नालंदा से जुड़ा था, लेकिन नालंदा के इतिहास में काला धब्बा भी लग गया है। यह काला धब्बा नालंदा के पुस्तकालय को लेकर है। बख्तियार ख़िलजी के आक्रमणों से देश की जो सबसे बड़ी हानि हुई थी वह थी वहां के इन पुस्तकालयों को आग के हवाले करना। इस अग्निकांड में वो अमूल्य ग्रन्थ सदा के लिए भस्म हो गए। जिनका उल्लेख मात्र तिब्बती और चीनी ग्रन्थों में मिलता है।

**अथवा**

भारत के पास कुछ ऐसी संपत्ति है तथा लाभ है जिनके बारे में विश्व के कुछ देश गर्व से दावा कर सकते है। विश्व एक बौद्धिक समाज में परिवर्तित हो रहा है जहाँ धन का स्त्रोत होगा। यही वह समय है जब भारत खुद को एक बौद्धिक शक्ति में बदलने और फिर अगले दो दशकों के भीतर एक विकसित देश बनने के लिए इस अवसर का लाभ उठा सकता है। इस रूपांतरण के लिए यह जानना आवश्यक है कि हम प्रतिस्पर्धात्मकता के मामले में कहाँ है।

5. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : (शब्द सीमा : 300 शब्द) (8)

1. मेरा प्रिय साहित्यकार
2. जल समस्या : कारण एवं निवारण
3. शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार
4. पर्यावरण प्रदूषण: कारण एवं निवारण

* * * * *



https://universitynews.in/